भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं.*14

जिसका उत्तर 02.02.2023 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग-47 पर कार्य

***14**. श्री दुर्गा दास (डी.डी.) उइके:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-47 का कार्य विगत कई वर्षों से प्रगति पर है और अभी भी अधूरा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या बरेठा सतपुड़ा मेलघाट बाघ अभ्यारण्य क्षेत्र के कारण उक्त कार्य रोका गया है और यदि हां, तो उक्त कार्य को कब तक फिर से शुरू किए जाने और पूरा किए जाने की संभावना है; और

(ग) क्या सरकार द्वारा वन विभाग के नियमों के अनुसार उक्त कार्य के लिए अतिरिक्त धनराशि आवंटित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

'राष्ट्रीय राजमार्ग-47 पर कार्य' के संबंध में श्री दुर्गा दास (डी.डी.) उइके द्वारा पूछे गए दिनांक 02.02.2023 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. *14 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) रारा-47 के खंडों में चल रहे कार्य या तो पूरे हो गए हैं या बिना किसी देरी के निर्धारित समापन तारीख के साथ निर्माणाधीन हैं। रारा-47 पर चल रही परियोजनाओं की स्थिति **अनुबंध** में दी गई है।

(ख) बरेठा सतपुड़ा मेलघाट बाघ अभ्यारण्य क्षेत्र रारा-47 के टेमागांव से चिचोली खंड के अंतर्गत आता है। इस खंड के लिए अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं और अभी इसकी नियत (प्रारंभ) तारीख की घोषणा की जानी है। प्रस्ताव संख्या एफपी/एमपी/रोड/6362/2022, दिनांक 22.05.2022 के माध्यम से बाघ अभ्यारण्य की वन्यजीव मंज़ूरी का प्रस्ताव परिवेश पोर्टल पर प्रस्तुत किया गया है।

(ग) वन अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण के आधार पर शमन उपायों को पहले ही उपरोक्त परियोजना के दायरे में शामिल किया गया है। वन्यजीव मंज़ूरी प्रदान करते समय वन विभाग द्वारा दर्शाई गई अतिरिक्त आवश्यकताओं को अनुबंध की शर्त के अनुसार पूरा किया जाएगा।

अनुबंध

'राष्ट्रीय राजमार्ग-47 पर कार्य' के संबंध में श्री दुर्गा दास (डी.डी.) उइके द्वारा पूछे गए दिनांक 02.02.2023 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. *14 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

रारा-47 के खंडों में परियोजनाओं की स्थिति

क्र. सं.	राज्य	परियोजना खंड	लंबाई (किमी में)	टीपीसी करोड़ रुपये में	प्रारंभ की तारीख	पूरा होने की निर्धारित तारीख	टिप्पणियों
1	गुजरात	गुजरात राज्य में रारा-47 (पुराना रारा-59) के अहमदाबाद से गोधरा खंड को 04 लेन का बनाना	117.57	1155.4	ओ एंड एम चरण		25.07.2018 को पूरा हो गया
2	गुजरात	गुजरात राज्य में रारा-47 का गोधरा से गुजरात/मध्य प्रदेश सीमा खंड	87.102	785.5	ओ एंड एम चरण		29.06.2016 को पूरा हो गया
3	मध्य प्रदेश	रारा-47 का इंदौर-एमपी/गुजरात सीमा	139	बीओटी (टोल)	07.11.18 को पीसीओडी जारी किया गया		पूरा हो गया
4	मध्य प्रदेश	रारा-47 के मचिलिया घाट का 4 लेन (शेष ई5)	16	323.51	12.04.2021	12.04.2023	69% (10 किमी)
5	मध्य प्रदेश	रारा-59ए के इंदौर से राघवगढ़ (इंदौर- हरदा) - 4-लेन (पैकेज- I)	29	1011.29	01.11.2022	31.10.2024	-
6	मध्य प्रदेश	राघवगढ़ - नानासा को 4 लेन का बनाना	63.67	1155.28	लागू नहीं	लागू नहीं	प्राप्त बोलियां मूल्यांकन के अधीन।
7	मध्य प्रदेश	रारा-47 के नानासा से पिडगांव खंड को 4 लेन बनाना (पैकेज- III)	47.445	997.84	15.09.2021	29.10.2023	32% (9.75 किमी)
8	मध्य प्रदेश	हरदा - बैतूल रारा-47 के हरदा - तेमागांव (पैकेज- I) तक 4 लेन	30	657.86	10.09.2021	10.09.2023	47% (17.25 किमी)
9	मध्य प्रदेश	हरदा-बैतूल रारा-47 के टेमागांव से चिचोली (पैकेज- II) तक 4 लेन	51	529.68	अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं और फरवरी 2023 में नियत तारीख जारी किए जाने की संभावना है।		-
10	मध्य प्रदेश	हरदा - बैतूल रारा-47 के चिचोली - बैतूल तक 4 लेन (पैकेज- III)	40.24	725.23	14.09.2021	14.09.2023	61% (24 किमी)
11	महाराष्ट्र/ मध्य प्रदेश	डीबीएफओटी (वार्षिकी) के आधार पर महाराष्ट्र राज्य में किमी. 3.000 से किमी 59.300 और मध्य प्रदेश राज्य में कि.मी. 137.000 से किमी. 257.400 तक रारा-69 के साओनेर - बैतूल खंड को चार लेन का बनाना।	174.52	9596	-	-	4 लेन का काम पूरा हो गया है और यह खंड ओ एंड एम के अधीन है

*****